Total No. of Printed Pages—10

**HS/XII/A/h/14**

# 2014

## HINDI ( ELECTIVE )

*Full Marks* : 100

*Time* : 3 hours

*The figures in the margin indicate full marks for the questions*

*General Instructions* :

(i) Write all the answers in the Answer Script.

(ii) Attempt Part—A Objective Questions serially.

(iii) Attempt all parts of a question together at one place.

( PART : A—OBJECTIVE )

( *Marks* : 50 )

SECTION—I

( *Marks* : 30 )

**1.** पाठ्य-पुस्तक के आधार पर जो कथन सत्य है, उसके सामने 'सही' और जो गलत है, उसके सामने 'गलत' लिखिए : 1×10=10

(क) 'दूसरा देवदास' कहानी की नायिका ममता है।

(ख) यास्सेर अराफात फिलिस्तीन देश के नेता थे।

(ग) अज्ञेय ने दीप को स्नेह-भरा, गर्व-भरा एवं मदमाता कहा है।

(घ) देवसेना चन्द्रगुप्त के प्रति आकर्षित थी और उसे पाना चाहती थी।

(ङ) भरत अपनी माता द्वारा की गई भयंकर भूल के लिए दुखी नहीं है।

(च) शुक्ल जी के मन में हिन्दी के प्रति कोई झुकाव नहीं था।

(छ) 'कच्चा चिट्ठा' के लेखक शुक्ल हैं।

(ज) सूरदास की झोंपड़ी में आग भैरो ने लगाई थी।

(झ) प्रेमाख्यान-परम्परा के कवियों में जायसी सर्वश्रेष्ठ माने जाते हैं।

(ञ) बालक द्वारा इनाम में लड्डू माँगने पर लेखक प्रसन्न था।

**2.** निम्नलिखित शब्दों में से उपयुक्त शब्द चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : $1 \times 10 = 10$

माही ; लाटरी ; सत्य ; पद्मावत ; संग्रहालय ; अवधी ; बलराज ; मालवा ; आरोहण ; भारतेन्दु।

(क) कभी दिखता है —— और कभी ओझल हो जाता है।

(ख) ‘बारहमासा’ जायसी की प्रसिद्ध रचना —— का एक अंश है।

(ग) व्यास जी की सबसे बड़ी देन इलाहाबाद का विशाल और प्रसिद्ध —— है।

(घ) वैदिक काल में हिन्दुओं में —— चलती थी।

(ङ) रुपसिंह पूरे ग्यारह साल बाद अपने गाँव —— लौटता है।

(च) ‘रामचरितमानस’ की भाषा —— है।

(छ) भीष्म साहनी के बड़े भाई का नाम —— था।

(ज) —— कहानी में पर्वतीय प्रदेशों में रहने वाले लोगों के जीवन के यथार्थ को दर्शाया गया है।

(झ) शुक्ल जी के पिताजी को —— के नाटक बहुत पसन्द थे।

(ञ) लेखक ने —— प्रदेश की पर्यावरण सम्बन्धी चिन्ता जतायी है।

**3.** सबसे सही विकल्प चुनकर अपनी उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : 1×10=10

(क) ''यह प्रकृत, स्वयंभू, ब्रह्म, अयुत इसको भी शक्ति को दे दो।'' यह किस कवि की पंक्ति है?

*(i)* दिनकर

*(ii)* जायसी

*(iii)* कबीर

*(iv)* अज्ञेय

(ख) गोस्वामी तुलसीदास की सर्वश्रेष्ठ रचना कौन-सी है?

*(i)* कवितावली

*(ii)* विनयपत्रिका

*(iii)* रामचरितमानस

*(iv)* गीतावली

(ग) 'बिस्कोहर की माटी' पाठ में बिस्कोहर किसका नाम है?

*(i)* गाँव का

*(ii)* फूल का

*(iii)* लेखक का

*(iv)* पेड़ का

(घ) ''खंभा टेकि खड़ी जैसे नारि मुगलाने की।'' यह उक्ति किसके लिए कही गई है?

*(i)* शुक्ल जी

*(ii)* भारतेन्दु

*(iii)* प्रतापनारायण मिश्र

*(iv)* चौधरी प्रेमघन

(ङ) श्री मजूमदार किस विभाग में कार्य करते थे?

*(i)* डाक विभाग

*(ii)* दूर-संचार विभाग

*(iii)* पुरातत्त्व विभाग

*(iv)* आबकारी विभाग

(च) महात्मा गाँधीजी के निजी सचिव कौन थे?

*(i)* भीष्म साहनी

*(ii)* डॉ० सुशीला नय्यर

*(iii)* महादेव देसाई

*(iv)* मिस्टर जॉन

(छ) ‘‘मैं जानउँ निज नाथ सुभाऊ’’ पंक्ति में किसके स्वभाव की ओर संकेत किया गया है?

*(i)* भरत

*(ii)* लक्ष्मण

*(iii)* राम

*(iv)* शत्रुघ्न

(ज) किस पाठ में ‘पहाड़ों का जीवन’ और ‘पर्वतारोहण’ की चर्चा की गई है?

*(i)* बिस्कोहर की माटी

*(ii)* आरोहण

*(iii)* कच्चा चिट्ठा

*(iv)* दूसरा देवदास

(झ) निम्नलिखित में से कौन-सी कविता दुःख और निराशा से लड़ने की शक्ति देती है?

*(i)* गीत गाने दो मुझे

*(ii)* यह दीप अकेला

*(iii)* देवसेना का गीत

*(iv)* सत्य

(ञ) 'दूसरा देवदास' गद्य की कौन-सी विधा है?

*(i)* आत्मकथा

*(ii)* निबन्ध

*(iii)* कहानी

*(iv)* संस्मरण

## SECTION—II

( *Marks* : 20 )

**4.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *एक-एक* वाक्य में दीजिए : 1×10=10

(क) बचपन में लेखक के मन में भारतेन्दु जी के सम्बन्ध में कैसी भावना जगी रहती थी?

(ख) 'गीत' और 'मोती' की सार्थकता किससे जुड़ी है?

(ग) सम्भव और पारो किस कहानी के पात्र हैं?

(घ) कवि ने आशा को बावली क्यों कहा है?

(ङ) युधिष्ठिर और विदुर का उल्लेख किस कविता में हुआ है?

(च) पसोवा की प्रसिद्धि का क्या कारण था?

(छ) 'नई पत्रिका' के सह-सम्पादक कौन थे?

(ज) 'भरत-राम का प्रेम' पाठ के आधार पर राम के चरित्र की दो विशेषताएँ बताइए।

(झ) 'अपना मालवा खाऊ-उजाड़ू सभ्यता में' पाठ के लेखक कौन हैं?

(ञ) 'बिस्कोहर की माटी' विश्वनाथ त्रिपाठी की किस पुस्तक से ली गई है?

**5.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर *दो-दो* वाक्यों में दीजिए : 2×5=10

(क) अनुप्रास अलंकार को परिभाषित कीजिए।

(ख) अभिधा शब्दशक्ति किसे कहते हैं?

(ग) हास्य रस किसे कहते हैं?

(घ) रूपक अलंकार का एक उदाहरण दीजिए।

(ङ) निम्नलिखित रसों का स्थायी-भाव लिखिए :

*(i)* भयानक रस

*(ii)* वीर रस

( PART : B—DESCRIPTIVE )

( *Marks* : 50 )

**6.** निम्नलिखित अवतरणों की सन्दर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 7×2=14

(क) भर गया है ज़हर से
संसार जैसे हार खाकर,
देखते हैं लोग लोगों को,
सही परिचय न पाकर,
बुझ गई है लौ पृथा की,
जल उठो फिर सींचने को।

**अथवा**

अगहन देवस घटा निसि बाढ़ी। दूभर दुःख सो जाइ किमि काढ़ी।
अब धनि देवस बिरह भा राती। जरै बिरह ज्यों दीपक बाती।
काँपा हिया जनावा सीऊ। तौ पै जाइ होइ सँग पीऊ।
घर-घर चीर रचा सब काहूँ। मोर रूप रँग लै गा नाहूँ।

(ख) धर्म के रहस्य जानने की इच्छा प्रत्येक मनुष्य न करे, जो कहा जाए वही कान ढलकाकर सुन ले, इस सत्ययुगी मत के समर्थन में घड़ी का दृष्टांत बहुत तालियाँ पिटवाकर दिया जाता है। घड़ी समय बतलाती है। किसी घड़ी देखने जानने वाले से समय पूछ लो और काम चला लो।

**अथवा**

इस तरह बिल्कुल अकेली, अनजान जगह पर, एक अनाम लड़की का सद्यःस्नात दशा में सामने आना, पुजारी का गलत समझना, आशीर्वाद देना, लड़की का घबराना और चल देना सब मिलाकर एक नई निराली अनुभूति थी जिसमें उसे कुछ सुख और ज्यादा बेचैनी लग रही थी।

**7.** 'सत्य' कविता का भाव-सार अपने शब्दों में लिखिए। 9

**अथवा**

अज्ञेय की कविता 'यह दीप अकेला' का सार लिखते हुए इसके प्रतिपाद्य पर प्रकाश डालिए।

**8.** 'प्रेमघन की छाया-स्मृति' पाठ के आधार पर चौधरी प्रेमघन का चरित्र-चित्रण कीजिए। 9

**अथवा**

'दूसरा देवदास' कहानी का सारांश लिखिए।

**9.** सूरदास झोंपड़े में लगी आग के समय लोगों के चले जाने के बाद कहाँ बैठा हुआ था? वह क्या सोच रहा था? 8

**अथवा**

'बिस्कोहर की माटी' पाठ के प्रारम्भ में लेखक ने कमल, कोइयाँ तथा सिंघाड़े के फूल के बारे में क्या बताया है?

**10.** निम्नलिखित विषयों में से किसी **एक** विषय पर लगभग *200* शब्दों में निबन्ध लिखिए : 10

(क) साहित्य समाज का दर्पण है

(ख) आदर्श विद्यार्थी

(ग) कम्प्यूटर आज की आवश्यकता

(घ) प्रदूषण की समस्या : कारण और निदान

(ङ) दहेज प्रथा : एक अभिशाप

★★★